ક્રમાંક/B.K.N.M.U./N.S.S./130/2026 તા. 20/08/2026

**વિષય** – વર્ષ 2026-27ના સાત દિવસીય NSS ખાસ શિબિરો (Special Camp)માં **"નશા અને ટીબી મુક્ત યુવા"** થીમના અમલીકરણ બાબત.

**સંદર્ભ** – યુવા કાર્યક્રમ અને રમતગમત મંત્રાલયના તા. 12 ઓગષ્ટ, 2026 ના પત્ર ક્રમાંક પી.52/2025/રાસેયો/ગુજ/1380-1460 મુજબ.

## પરીપત્ર :-

ભક્તકવિ નરસિંહ મહેતા યુનિવર્સિટી, જૂનાગઢ સંલગ્ન એન.એસ.એસ. યુનિટ ધરાવતી તમામ કોલેજોના આચાર્યશ્રીઓ તથા એન.એસ.એસ. પ્રોગ્રામ ઓફિસર્સને ઉપરોક્ત વિષય પરત્વે જણાવવાનું કે, ભારત સરકારના યુવા કાર્યક્રમ અને રમતગમત મંત્રાલય દ્વારા વર્ષ ૨૦૨૬-૨૭ દરમ્યાન દેશભરમાં NSS યુનિટો દ્વારા આયોજીત કરવામાં આવતી તમામ નિયમિત પ્રવૃતિઓ અને ૭ દિવસીય NSS ખાસ શિબિરો (Special Camp) માટે **"નશા અને ટીબી મુક્ત યુવા"** વિષયને અપનાવવા જણાવવામાં આવે છે, આ વિષય બાબતે સંદર્ભ દર્શિત પત્રમાં જણાવ્યા મુજબના માર્ગદર્શનનું પાલન કરવું.

આથી યુનિવર્સિટી સંલગ્ન એન.એસ.એસ. યુનિટ ધરાવતી તમામ કોલેજોના એન.એસ.એસ. પ્રોગ્રામ ઓફિસર્સએ સંદર્ભ દર્શિત પત્રમાં જણાવ્યા મુજબના સુચનોની અમલવારી કરી વર્ષ – ૨૦૨૬-૨૭માં આયોજીત થનાર નિયમિત પ્રવૃતિઓ અને ૭ દિવસીય NSS ખાસ શિબિરો (Special Camp)માં આ વિષયનું અસરકારક અને ફરજીયાત પણે અમલીકરણ કરવા જણાવવામાં આવે છે.

વધુમાં, શિબિરની તમામ પ્રવૃતિઓને નશામુક્ત અને ટીબી મુક્ત ભારતના રાષ્ટ્રીય લક્ષ્યો અનુરૂપ આયોજન કરી, તેના અહેવાલ, ફોટોગ્રાફ અને અન્ય જરૂરી વિગતો NSS ક્ષેત્રીય કાર્યાલય, અમદાવાદને ઈ-મેઈલ nssahmedavad@gmail.com પર ખાસ તથા અત્રે યુનીવર્સીટી, NSS વિભાગ ખાતે ઈ-મેઈલ – nss@bknmu.edu.in પર સમયસર મોકલી આપવા જણાવવામાં આવે છે.

પ્રો. કો- ઓર્ડીનેટર,
એન.એસ.એસ. વિભાગ
BKNMU – જુનાગઢ

**બિડાણ : -**

- સંદર્ભ દર્શિત પત્રની નકલ.

**નકલ રવાના જાણ અર્થે : -**

- રાજ્ય એન.એસ.એસ. અધિકારીશ્રી,ગાંધીનગર તરફ
- રીજીયોનલ ડાયરેક્ટરશ્રી, એન.એસ.એસ. ક્ષેત્રીય કાર્યાલય, અમદાવાદ તરફ
- માન. કુલપતિશ્રી/ કુલસચિવશ્રી ના અંગત સચિવશ્રી તરફ

दूरभाष -079-26565988

ईमेल: nssahmedabad@gmail.com

मि.संख्या: पी.52/2025/रासेयो/गुज/ 1380-1460

भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय
प्रथम तल, 7 गाँधीकुंज सोसाइटी
कोचराब आश्रम के पास, पालडी
अहमदाबाद-380006

दिनांक: 12 अगस्त 2026

प्रति,

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक, (सूची संगलग्न)

गुजरात

विषय: वर्ष 2026-27 के सात दिवसीय रा.से.यो. विशेष शिविरों में "नशा एवं टीबी मुक्त युवा" थीम के कार्यान्वयन के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026-27 के दौरान देश भर में रा.से.यो. इकाइयों द्वारा आयोजित किए जाने वाले सभी नियमित गतिविधियों एवं सात दिवसीय रा.से.यो विशेष शिविरों के लिए "नशा एवं टीबी मुक्त युवा" विषय को अपनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।इस संबंध में निम्नलिखित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए:

- विषय का अनिवार्य समावेशन: सभी रा.से.यो. इकाइयां अपने सात दिवसीय विशेष शिविर के मुख्य विषय के रूप में "नशा एवं टीबी मुक्त युवा" को अपनाएं तथा शिविर की गतिविधियों, कार्यक्रमों एवं जन-जागरूकता अभियानों को इसी विषय के अनुरूप तैयार करें।
- स्थानीय स्वास्थ्य संस्थानों से सहयोग: रा.से.यो. इकाइयों को स्थानीय स्वास्थ्य विभाग, सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा अन्य संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित करने के लिए निर्देशित किया जाए।
- विशेषज्ञों की सहभागिता: नशे के दुष्प्रभावों, नशामुक्ति, टीबी की रोकथाम, पहचान एवं उपचार आदि विषयों पर जागरूकता सत्र, व्याख्यान, स्क्रीनिंग एवं सेमिनार आयोजित करने हेतु चिकित्सकों, स्वास्थ्य अधिकारियों, परामर्शदाताओं तथा अन्य विशेषज्ञों/संसाधन व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाए।
- सामुदायिक सहभागिता एवं जमीनी जागरूकता: शिविर की गतिविधियों में स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। नशे के दुरुपयोग की रोकथाम तथा टीबी उन्मूलन के प्रति

समुदाय में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए व्यावहारिक एवं प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

- स्थानीय स्तर पर जन-जागरूकता गतिविधियां: गोद लिए गए गांवों, बस्तियों एवं झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में रैलियां, नुक्कड़ नाटक, घर-घर संपर्क/सर्वेक्षण, पोस्टर एवं पंपलेट अभियान, जागरूकता रैली तथा अन्य सूचना एवं शिक्षा संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएं।

अतः आप अपने अधीनस्थ सभी रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारियों को उपर्युक्त निर्देशों से अवगत कराते हुए वर्ष 2026-27 में आयोजित किए जाने वाली नियमित गतिविधियों एवं सात दिवसीय विशेष शिविरों में उक्त विषय का अनिवार्य एवं प्रभावी रूप से कार्यान्वयन सुनिश्चित करें। शिविर की समस्त गतिविधियों को नशामुक्त एवं टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप आयोजित कर कार्यक्रमों की रिपोर्ट, फोटोग्राफ एवं अन्य आवश्यक विवरण क्षेत्रीय निदेशालय अहमदाबाद को ईमेल और व्हाट्सप्प द्वारा भेजी जाएं।

भवदीय,

(डॉ कमल कुमार कर)
क्षेत्रीय निदेशक

प्रतिलिपि-

राज्य रा.से.यो अधिकारी, गॉधीनगर, गुजरात।